मध्य प्रदेश में शुरू होगा पहला सहकारिता विश्वविद्यालय

चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को मध्य प्रदेश के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने भोपाल में वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास परियोजना के शुभारंभ कार्यक्रम में बताया कि मध्य प्रदेश में पहला सहकारिता विश्वविद्यालय शुरू होगा।

प्रमुख बिंदु

- सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया ने बताया कि पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना पर हुई चर्चा में इंदौर अथवा भोपाल में विश्वविद्यालय शुरू करने के उनके प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।
- बहुत जल्द ही मध्य प्रदेश में सहकारिता विश्वविद्यालय शुरू होगा। विश्वविद्यालय में सहकारिता क्षेत्र के अनेक विषयों के पाठ्यक्रमों को पढ़ाया जाएगा और सहकारिता संबंधी अनुसंधान भी होगा।
- सहकारिता मंत्री ने सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर के नवीन भवन, सहकारी प्रशिक्षण केंद्र भोपाल, इंदौर और नौगाँव में सामान्य सुविधा केंद्र, सहकारी प्रशिक्षण केंद्र इंदौर में एम्पोरिया का डिजिटल भूमि-पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने आर्टीजंस कार्ड का वितरण किया और वृहद हस्तशिल्प कलस्टर विकास परियोजना की पुस्तिका और पैक्स संस्थाओं के लिये तैयार पैक्स मैन्यूअल 2022 का विमोचन किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-cooperative-universitywill-start-in-madhya-pradesh